हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र भवन की तीस साल बाद भी नहीं हुई मरम्मत









# सनकी युवक ने दिन दहाड़े युवती को चाकू से गोदकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिरफिरे आशिक ने दिनदहाड़े युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती पर आरोपी ने चाकू से हमला किया और जब उसने बचने का प्रयास किया तो पूरे परिसर में दौड़ा कर बेरहमी से मारा। इस हमले में युवती बेहोश होकर गिर गई। खून से लथपथ युवती को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इधर वारदात को अंजाम देकर भाग रहे युवक को स्थानीय लोगों ने साहस का परिचय देते हुए पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। यह घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

- रिंग रोड काली मंदिर स्थित पेट्रोल पंप में हुई घटना, मचा हड़कंप, लोगों ने पकड़कर लिया पुलिस के सुपुर्द, प्रेम प्रसंग में की गई हत्या



युवती पर हमला करते हत्यारे का सीसी टीवी फूटेज, इनसेट में मृतिका।



मृत पड़ी युवती।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के चांदो थाना अंतर्गत शाहपुर मगाजी निवासी 28 वर्षीया विद्यावती उर्फ भारती टोप्पो आ. हीरालाल टोप्पो शहर में अपनी बहन के साथ रहती है और पिछले 5-6 माह से रिंग रोड काली मंदिर के समीप स्थित श्रीकृपा फ्यूल्स में काम करती थी। युवती प्रतिदिन की तरह पेट्रोल पंप पर अपनी ड्यूटी कर रही थी। इसी दौरान एक बिना नम्बर की बाइक पर युवक आया, युवक के आने पर विद्यावती ने उसपर ध्यान नहीं दिया। कुछ समय तक युवक वहीं खड़ा रहा और फिर उसने अचानक ही अपनी बाइक से एक बड़ा चाकू निकाल लिया। आरोपी के चाकू निकालते ही युवती भागी लेकिन उसने पीछे से उसके पीठ पर हमला किया। इस दौरान पेट्रोल पंप परिसर में हड़कंप मच गया और युवती अपनी जान बचाने के लिए भागने लगी लेकिन आरोपी ने उसे पकड़ लिया और उसे चाकू से गोद दिया। इस दौरान चाकू युवती ने शरीर आर पार हो गया और युवती खून से लथपथ होकर सड़क पर पहुचंने से पहले ही गिर गई। इस बीच पेट्रोल पंप में काम कर रहे लोगों ने युवती को बचाने का भी प्रयास किया। बीच बचाव करने आए एक अन्य कर्मचारी संतोष यादव पर भी उसने चाकू से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया।

## हो रही साहस की सराहना

सबसे बड़ी बात यह है कि चाकू लगने के बाद युवती दर्द से तड़प रही थी। इस दौरान किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। इस दौरान ज्यादातर लोग अपने मोबाइल फोन पर वीडियो फोटो बनाते रहे जिसे लेकर लोगों में नाराजगी भी है। इसके साथ ही साहस का परिचय देकर आरोपी को पकड़ने वाले गुरदेव सिंह, हरसिमरन सिंह के साथ ही अरुण कुमार सिंह और उनके पुत्र ओमकारेश्वर सिंह की सराहना की जा रही है। उन्होंने हिम्मत जुटाकर आरोपी को पकड़ा। इसके बाद उन्होंने रास्ते से गुजर रहे पुलिसकर्मी को रोककर इसकी जानकारी दी। हालांकि यह घटना उक्त टीआई के थाना क्षेत्र का नहीं था फिर भी वे आरोपी व स्थानीय लोगों को लेकर गांधीनगर थाना गये और पुलिस के सुपुर्द किया।





## पकड़ने दौड़े लोगों पर भी किया हमला



इस घटना के बाद आस पास में हड़कंप मच गया। युवती ने अंतिम समय तक संघर्ष किया और इसी कारण लगभग एक फीट का चाकू आरोपी से छूटकर गिर गया इसके साथ ही आरोपी अपना बैग भी मौके पर छोड़कर बगल की गली में भाग निकला। हमले के दौरान इस दौरान पेट्रोल पंप के बगल में स्थित फ्रेंड्स चिकन के संचालक गुरदेव सिंह युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया लेकिन आरोपी ने गुरदेव सिंह का गला पकड़कर दबा दिया और अपने पास रखे एक एयर गन को निकाल कर तान दिया। इस दौरान गुरदेव सिंह के भाई हरसिमरन सिंह ने आरोपी के सिर पर एक ईंट मारी तो आरोपी वहां से फिर भागने लगा जिसपर लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुनकर अरुण कुमार सिंह उसके पुत्र ओम्कारेश्वर सिंह भी अपने घर से बाहर निकले और युवक को दौडाना शुरू किया, आरोपी भागते हुए नवापारा शंकर प्रजापति के घर तक पहुंच गया जहां लोगों ने घेरकर युवक को पकड़ लिया और पुलिस को घटना की सूचना दी।

### लम्बे समय से था प्रेम प्रसंग

इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवती को स्थानीय लोगों ने ऑटो में लादकर मिशन अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हत्याकांड की असल वजह सामने नहीं आई है। आरोपी की पहचान कुसमी निवासी जोगेंद्र पैकरा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतिका विद्यावती उर्फ भारती और आरोपी जोगेंद्र पैकरा के बीच लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पेट्रोल पंप संचालक संदीप त्रिपाठी के अनुसार युवक पिछले 3-4 दिनों से लगातार पेट्रोल पंप आ रहा था और मृतिका के मोबाइल फोन को लेकर जांच करते रहता था। संभवतः मृतिका ने आरोपी जोगेंद्र से ब्रेकअप कर लिया था जिससे वह नाराज था। यही वजह है कि पेट्रोल पंप में आने के बाद भी जब आरोपी खड़ा था तो युवती ने उसपर ध्यान नहीं दिया।

### चल रही है जांच

पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती पर आरोपी ने चाकू मारा है। इस घटना में युवती की अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। प्रेम प्रसंग के कारण हत्या की गई है। आरोपी को इस बात की शंका थी कि युवती किसी और युवक से बात करती है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी सरगुजा

## खबर संक्षेप



### बेहतर कार्य के लिए अमित मिंज को एसपी ने किया सम्मानित

**बलरामपुर।** यातायात विभाग हाइवे पेट्रोलिंग टीम के चालक अमित मिंज को एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। अमित मिंज लगातार यातायात विभाग में बेहतर कार्य करते है। इस बार उन्होंने एक सप्ताह से लापता बच्चे को अपने सहयोगी गिरवर सिंह के साथ मिलकर महज 6 घंटे के अंदर खोज कर परिजन से मिलवा दिया। वही उन्होंने नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया। अमित मिंज के बेहतर कार्यो को लेकर एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने सम्मानित किया और इसी तरह विभाग का नाम रौशन करने की बात कही।

### भारती टोप्पो की नृशंस हत्या में पुलिस कर रही गुमराह

**अम्बिकापुर।** नंगे पांव सत्याग्रह के संयोजक राजेश सिंह सिसोदिया ने भारती टोप्पो नृशंस हत्याकांड मामले में पुलिस पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री सिसोदिया ने पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज से इस मामले की जांच रेंज के किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी से कराने की मांग की है। श्री सिसोदिया का आरोप है कि जिला पुलिस पूरी तरह से फेल हो चुकी है। न जनता से संवाद न ही कोई सूचनातंत्र। पूरे मामले की सच्चाई यह है कि भारती टोप्पो मूल निवास ग्राम मगाजी, पुलिस थाना चांदो जिला बलरामपुर की थी जो बनारस रोड में किराए से रहकर पेट्रोल पंप में काम करके अपना जीवन यापन कर रही थी। आरोपी जोगेंद्र पैकरा उर्फ लादेन चांदो थाना अंतर्गत ग्राम भुलसी कला निवासी है जो कुछ दिनों से भारती का शाम के समय पीछा करता था। कल शाम को उसने भारती का फोन तोड़ दिया था। लादेन के नाम से कुख्यात जोगेंद्र के ऊपर पहले से बलरामपुर जिले में कई अपराध दर्ज हैं।

### करमा देखने गए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कवलगिरी निवासी प्रकाश आ. कामेश्वर (42 वर्ष) ने उदयपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 27 सितंबर को पुत्र प्रदीप सिंह अपने दोस्त निलेश व रितेश के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 2569 से डांड़गांव में करमा नृत्य देखने गया था। करमा नृत्य देखने के पश्चात तीनों वापस घर आने के लिए बाइक लेने पहुंचे तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो प्रदीप ने बाइक चोरी हो जाने की जानकारी दी।

## आकर्षक झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

# विजयादशमी पर निकली हिन्दू युवा एकता मंच की विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कला केंद्र मैदान से गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद महामाया मंदिर पहुंची जहां विशेष रूप से गंगा आरती की गई। शोभायात्रा में शामिल राम जानकी की झांकी, महादेव की टोली, केरला आर्ट आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया।

**खास बात**

- भगवान श्री राम के जयकारे से गूंजा सरगुजा

शारदीय नवरात्रि और विजया दशमी पर्व को लेकर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा पिछले एक महीने से तैयारियां की जा रही थी। इस दौरान हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा शहर के घड़ी चौक को आकर्षक रूप से सजाने के साथ ही घड़ी चौक से मनाया मंदिर तक विशेष साज सज्जा की गई है और पूरे शहर को भगवा रंग से रंग दिया गया है। शहर में जगह जगह विशाल कटौत लगाए गए है। गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर सुबह से ही जिलेभर से युवा कला केंद्र मैदान में पहुंचने शुरू हो गए थे। इस दौरान दोपहर लगभग 1 बजे डीजे पर भक्ति गीतों के साथ शोभा यात्रा शामिल हुई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में युवा शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे से शहर गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं का स्वरूप लिए बच्चों की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में भगवान राम-जानकी की झांकी का श्रधालुओं ने स्वागत करने के साथ ही आरती की। शोभा यात्रा कला केंद्र मैदान से स्नैह स्नैह आगे बढ़ी इस दौरान युवाओं का उत्साह चरम पर था। इसके साथ ही शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और युवतियां भी शामिल हुई। दौरान जगह जगह शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा कला केंद्र मैदान से घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, महामाया रोड होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां विशेष रूप से गंगा आरती की गई। इस गंगा आरती में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में महिलाएं भी महामाया मंदिर पहुंची थी।



शोभयात्रा में शामिल नगरवासी।



### गंगा आरती और मॉडर्न आर्ट रहा आकर्षण का केंद्र

हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस बार भी गंगा आरती का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा महामाया मंदिर पहुंची जहां काशी से आए आए आचार्यों द्वारा गंगा आरती कराई गई। गंगा आरती को देखने के लिए भी मंदिर में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इसके साथ ही शोभा यात्रा में महादेव की टोली, माडर्न आर्ट केरला, डमरू वादन उज्जैन के साथ ही शैला और कर्मा नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

## विजयादशमी पर आईजी, एसएसपी ने की शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विजयादशमी पर्व पर रक्षित केंद्र अंबिकापुर समेत समस्त थाना-चौकियों में शस्त्रों और पुलिस वाहनों की पूजा की गई इसके अलावा मंत्रोचारण के बीच हवन भी किया गया। रक्षित केंद्र में आईजी दीपक झा और एसएसपी राजेश अग्रवाल ने विधि विधान से शस्त्रों की पूजा करने के साथ ही सरगुजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों को न्याय दिलाने की कामना की गई।

इसके साथ ही आईजी, एसएसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने हर्ष फायर किया। पूजा अर्चना के बाद हथियारों को शस्त्रागार में सुरक्षित रखा गया। इस दौरान आईजी श्री झा ने कहा कि विजयादशमी पर्व के मौक़े पर पुलिस प्रतिवर्ष शस्त्रों के माध्यम से शक्ति की पूजा करती है। विजयादशमी का पर्व हमें बेहतर मार्ग का अनुसरण कर असत्य पर सत्य की जीत के मायने बताती हैं, इसके साथ ही पुलिस लाइन में पारंपरिक तरीके से शस्त्र पूजा की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा हवन और पूजा अर्चना कर जिले और प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहने के लिए प्रार्थना की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सत्य एवं सदाचरण की राह पर चलने के लिए प्रेरित करती है, आमजनों के हित मे सरगुजा पुलिस लगातार अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। शस्त्र पूजन के दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल, नगर सेना कमांडेंट शिवकुमार कठोतिया, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित रक्षित केंद्र के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## अब ग्रामीणों ने लगाया मारपीट का आरोप, एफआईआर की मांग

**लखनपुर।** अमेरा खुली खदान को लेकर चल रहे विरोध और खदान परिसर में एलसीसी कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट के बाद अब ग्रामीणों ने भी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परसोडीकला के ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर एसईसीएल द्वारा किए जा रहे खदान विस्तार का विरोध करते हुए एलसीसी कंपनी के कर्मचारियों पर आरोप लगाए है। ग्रामीणों का कहना है कि खदान विस्तार के दौरान मिट्टी खुदाई के काम में लगे कंपनी के कर्मचारियों ने बुधवार की दोपहर लगभग 3 बजे परसोडी कला के महिलाओं को जबरन गाली गलौज करते हुए हाथापाई की। इस घटना में महिलाओं को चोट आई है। कंपनी के कर्मचारी अपने ही गाड़ी में तोड़फोड़ की और अब ग्रामीणों का नाम लेकर फंसाया जा रहा है। परसोडी कला गांव के ग्राम सभा द्वारा जल जंगल जमीन और खेतों को किसी भी हालत में नहीं देने का प्रस्ताव पूर्व में दिया जा चुका है। अमेरा खदान द्वारा ग्राम सभा प्रस्ताव का खुला उल्लंघन कर खदान के कर्मचारियों के द्वारा धान के खड़ी फसल को जबरन खनन कर बर्बाद कर दिया गया। पूर्व में खदान के कर्मचारियों के द्वारा जेसीबी मशीन से उनके सार्वजनिक तालाब जिसमें सिवरिया देवता स्थान को भी तहस-नहस कर दिया गया। यह तालाब आदिवासी समाज के आस्था जुड़ा है। गांव की आदिवासी महिलाएं-पुरुष और बच्चे अपनी सिवान स्थल की रक्षा कर रहे थे। ग्रामीणों को साफ कहना है कि हम अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं देंगे ना ही हमें नौकरी और मुआवजा चाहिए। बता दें कि बुधवार को खदान परिसर में ग्रामीणों द्वारा एलसीसी कर्मचारियों के साथ मारपीट और गाड़ी में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इस घटना में दो लोगों को चोट आई थी। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। वहीं अब ग्रामीणों ने भी कंपनी के लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान करिश्मा सिंह, सुनीता, तेजमनी, शांति, राजकुमारी, तिलकुवर, कमला, मनमोहन, दिनेश राम सहित अन्य मौजूद थे।

- बुधवार को हुई थी अमेरा खदान परिसर में एलसीसी कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना

## ढोल नगाड़ों के साथ अश्व, गज, ध्वज व शस्त्र का किया गया पूजन, कचरही में बैठकर लोगों से मुलाकात

# सरगुजा राज परिवार के मुखिया टीएस ने की विधि-विधान से पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विजयादशमी के अवसर पर गुरुवार को सरगुजा पैलेस में सरगुजा महाराजा व पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने राजकीय परम्परा का निर्वहन करते हुए पैलेस में ढोल नगाड़ों के साथ अश्व, गज, ध्वज, शस्त्र की पूजा अर्चना करने के साथ ही सरगुजा वासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। पूजा अर्चना के साथ ही उन्होंने दरबार में बैठकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोग भी अपने साथ नजराना लेकर पहुंचे थे। दूर दराज से आए लोगों ने सरगुजा महाराज से मुलाकात करने के साथ ही पैलेस घूमा। विशेष बात यह है कि विजयदशमी पर पैलेस में सरगुजा आईजी दीपक झा व कलेक्टर भी सरगुजा महाराजा से मिलने पहुंचे और राज परिवार के इतिहास को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम से चर्चा की।

परम्परा के तहत सरगुजा महाराजा टीएस सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने महा अष्टमी और महानवमी पर कुलदेवी मां महामाया के मंदिर में पहुंचकर संधि पूजा की थी जबकि दशहरा के अवसर पर पैलेस में पूजा की गई। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव व उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर ने विजयादशमी के अवसर पर पैलेस में फाटक, अश्व, गज, शस्त्र, नगाड़ा, नवग्रह, ध्वज, निशान, नगाड़ा सहित अन्य पूजा की।

परम्परा के अनुसार पैलेस में रखे शस्त्रों, अश्व, गज की पूजा की गई। पैलेस में होने वाली विशेष पूजा में शामिल होने के लिए राज परिवार से जुड़े सदस्यों के साथ शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे थे ।



### कर रहे है जिम्मेदारी का निर्वहन

इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम व सरगुजा महाराजा टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह परम्परा सदियों से परंपरा चली आ रही है। अश्व गज की विशेष पूजा की है इसके बाद शस्त्र, नगाड़ा और निशान की पूजा विजय दशमी के दिन करते है। यह परम्परा सैकड़ों सालों से चली आ रही है। वहीं आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि भगवान श्री राम के बुराई पर अच्छाई के जीत के पर्व पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सरगुजा और देश में शांति समृद्धि की कामना की गई। पारम्परिक रूप से पूजा के बाद हम कामना करते है कि यह वर्ष सभी के लिए खुशियों से भरा हो और बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश को अपने जीवन में भी निर्वहन कर सके।




## खबर संक्षेप

### दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त हुए रितेश जायसवाल

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अनुशंसा पर नपं शिवनंदनपुर के शांतिनगर निवासी भाजपा नेता रितेश जायसवाल को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है,नवनियुक्त दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य रितेश जायसवाल ने बताया कि संभाग में दूरसंचार सेवा और विस्तार से जुड़ी कार्ययोजना और क्रियान्वयन में सहयोगात्मक सलाह प्रदान करेंगे,समिति दूरसंचार नियामक से जुड़े अन्य मामलों में निगरानी भी करती है,उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 4 जी मोबाइल सेवा का शुभारंभ किया है,भारत संचार निगम लिमिटेड अपने हर उपभोक्ता को सबसे कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण मोबाइल सेवा उपलब्ध कराती है, समिति प्रयास करेगी कि यह सेवा निर्बाध रूप से जारी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



### जगराता कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भक्ति गीतों पर झूमे लोग



**डांड़गांव।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा के नव रूपों की प्रतिमा स्थापित की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही विधिवत पूजा-अर्चना का प्रारंभ हुआ, और हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर दर्शन एवं पूजा कर रहे हैं। सप्तमी तिथि के अवसर पर भव्य जगराता का आयोजन किया गया, जिसमें सुनील तिवारी ने अपनी प्रस्तुति दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का जनसैलाब उमड़ा और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूजा समिति द्वारा सांस्कृतिक माहौल को और आकर्षक बनाने के लिए गरबा, डांडिया, सामान्य ज्ञान एवं अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। दशहरा के दिन रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** गुदरी बाजार की ओर जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सारंग बिहान अंतर्गत ग्राम घोघियाय निवासी राहुल कुमार आ. मुकेश कुमार (22 वर्ष) सरगवां आरटीओ कार्यालय समीप रहकर सेल्समैन का काम करता है। बुधवार की दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 2949 से प्रतापपुर नाका से गुदरी बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 डीएफ 4797 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पीड़ित बाइक सवार ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गैस गोदाम से चोरों ने पार किया 66 नग गैस टंकी

**अम्बिकापुर।** ग्राम लिबरा स्थित गैस गोदाम का ताला तोड़ चोरों ने गोदाम से 66 नग गैस टंकी चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट गैस गोदाम संचालक ने दरिमा थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम लिबरा निवासी रामशरण सिंह आ. गुरू शरण सिंह भारत गैस एजेंसी का संचालन करता है। संचालक ने दरिमा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके लिबरा स्थित गैस गोदाम का ताला काटकर गोदाम में रखे 66 नग गैस टंकी को चोरों ने पार कर दिया। गैस एजेंसी संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक समीप दुकान में खरीदारी करने आए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। डिहल राम टेकाम आ. रामबिलास टेकाम मजदूरी का काम करता है। गत दिन सुबह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 8418 मिशन चौक समीप मेगामार्ट में कपड़ा खरीदने गया था। बाइक को दुकान के सामने खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) का अपराध दर्ज किया है।

## रसोई घर में संचालित है आंबा केन्द्र

# जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र भवन की तीस साल बाद भी नहीं हुई मरम्मत



रसोई में पढाई करते बच्चे।



जर्जर भवन का उखड़ा प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

गर्भवती माताओं व बच्चों को स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध हो तथा बच्चों को समय पर पोषण आहार के साथ उनकी पढ़ाई में रूचि बढ़े इसे लेकर नगर सहित गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर भवन का निर्माण कराया है जहां बच्चों को पढाई के साथ नियमित पोषण आहार मिल सके। हैरानी की बात यह है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत चांचीडांड ढाबीपारा में लाखों की लागत से आंबा केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया था लेकिन तीस साल के भीतर मरम्मत नहीं होने से भवन जर्जर हो गई। ऐसे में उन्नयन आंबा केन्द्र के नाम से नया भवन बनाया गया जो काफी छोटा है और रसोई घर में आंबा केंद्र संचालित है जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चाचीडांडा के ढाबीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र ऐसा केंद्र है जो मजह एक छोटे 8 बाई 10 के कमरे में संचालित है। हैरानी बात तो यह है कि जिस छोटे से भवन में आंबा केन्द्र संचालित है उसे कुछ साल पहले ही आंगनबाड़ी भवन के काफी जर्जर हो जाने पर बगल में उन्नयन आंगनबाड़ी के नाम से नया भवन बनाया था जो महज 8 बाई 10 को छोटा सा कमरा है। यहां करीब तीस बच्चे हैं और सभी को इसी छोटे से कमरे में बैठना पड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि खाना बनाने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है और इसी कमरे में रसोई घर भी जहां 30 बच्चे पढ़ाई व भोजन करते है। बच्चों की गतिविधियां और खाना बनाने का काम एक साथ छोटे से कमरे में होता है। आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति कई वर्षों से यही है और स्टोर रूम के लिए भी उपयोग करते है। बच्चों का यहां आना एक औपचारिकता मात्र है क्योंकि इतनी जगह नहीं है कि कोई भी गतिविधि ठीक ढंग से हो सके, जो बच्चे जहां बैठते है,वहीं बैठे रह जाते है। इस स्थिति को लेकर यहां के ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन के लोगों का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया है और नवीन आंगनबाड़ी भवन की मांग की लेकिन आज तक नए भवन का निर्माण नहीं हो सका। जिसका खामियाजा आंबा केन्द्र आने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### 1996 में बना था आंगनबाड़ी भवन

आंगनबाड़ी केंद्र भवन 1996 में बना था। कई साल पहले ही भवन काफी जर्जर हो गई। छत गिरने की स्थिति में है ऐसे में बारिश के दिनों में छत से प्लास्टर गिरता है। दीवारों में दरार आ गई है और भवन की स्थिति काफी दयनीय है। भवन के जर्जर होने जाने पर आंबा केन्द्र का संचालन बंद कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि पंचायत ने भी एक प्रस्ताव पारित कर भवन को कालातीत घोषित कर दिया है।

### बरसात में होती है परेशानी

ग्राम पंचायत चाचीडांडा के ढाबीपारा आंगनबाड़ी केन्द्र के एक छोटे से कमरे में संचालित होने से बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खास कर बरसात के मौसम में जब बारिश होती है तो छोटे से कमरे में बैठने से लेकर खेलने की तक की जगह नहीं होती। हैरानी की बात तो यह है कि गांव के आंगनबाड़ी भवन जर्जर हुए तीस साल हो गए लेकिन आज तक नए भवन के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र एक छोटे से कमरे में संचालित है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

छोटे से कमरे में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है इसे लेकर अधिकारियों का अवगत कराया गया है। फिलहाल नए भवन के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं होने के कारण बच्चों को परेशानी हो रही है।

-संतोषी धुर्वे
प्रभारी महिला बाल विकास



## किसानों को दिया गया मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीतापुर

नेशनल हनी बोर्ड एवं हनी मिशन द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र सीतापुर मैनपाट में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष सिंह अधिष्ठाता राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इटालियन प्रजाति की मधुमक्खी अन्य प्रजाति की मधुमक्खी से ज्यादा शहद का उत्पादन देती है। इसके पालन से फसल उत्पादन में भी 10 से 20 प्रतिशत वृद्धि हो जाती है। मधुरस अपने औषधीय गुणों की वजह से स्वास्थ्य की दिशा में काफी लाभकारी साबित होती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवभरोष बेक सदस्य जिला पंचायत ने कहा कि मधुमक्खी पालन को एक व्यवसाय बनाकर किसान अच्छी खासी कमाई अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन क्षेत्र के किसानों के लिए एक नया अनुभव है। संस्था प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ राजेश चौकसे ने बताया कि कृषि उपज का 60 से 70 प्रतिशत पोलीनेशन मधुमक्खी के माध्यम से होता है। सरगुजा जिले में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं है क्योंकि यहाँ का माहौल मधुमक्खी पालन के अनुकूल है। डॉ. वीरेंद्र तिग्गा अधिष्ठाता उद्यानिकी कॉलेज ने बताया कि कृषक समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर मधुमक्खी पालन के जरिये आय प्राप्त कर सकते हैं। सभी प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शमशेर आलम ने किया। इस दौरान कृषक प्रशिक्षण प्रभारी प्रदीप लकड़ा समेत कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।



## त्यौहार के मद्देनजर शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**सूरजपुर।** जिले में दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए महिला रक्षा टीम सक्रिय है तो वहीं थाना-चौकी की पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया है। ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

- महिला रक्षा टीम महिलाओं की सुरक्षा के लिए सक्रियता से कर रही पेट्रोलिंग

मंदिर की वेदी पर विराजमान हुईं दुर्गा माता के पूजन और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शहरी क्षेत्र में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है। शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए एसएसपी ने महिला रक्षा टीम एवं थाना के पुलिस जवानों को लगाया है। जो सभी पूजा पंडालों और व्यस्त जगहों पर भ्रमणशील रहते हुए शरारती तत्वों पर नजर रख रहे हैं। एसएसपी जिलेभर की प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी ले रहे हैं। शहर के सभी दुर्गा पंडालों में महिला रक्षा टीम लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था में लगी हुई है।

## दुर्गा प्रतिमा का देवती नाला में किया गया विसर्जन, गढ़वतिया देवी धाम में पूरी नवरात्रि हुए विविध अनुष्ठान

**बिहारपुर।** नवरात्रि की 10 दिवसीय उपासना के बाद गुरूवार को देवी प्रतिमा एवं अखण्ड ज्योति कलशों को श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी देवी का जयकारा लगाते हुए विसर्जन स्थल पर पहुंचे थे। चैत्र नवरात्र के अवसर पर गढ़वतिया देवी धान में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई थी साथ ही अखण्ड मनोकामना दीप प्रज्जवलित किए गए थे। इस दौरान पूरी नवरात्रि विधि-विधान से देवी की नियमित पूजा, आरती की गई। नवरात्रि में देवी की पूजा करने हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। मूलभूत सुविधाओं की कमी के बावजूद श्रद्धालुओं ने धाम की कष्टसाध्य चढ़ाई पूरी कर उत्साहपूर्वक देवी की पूजा अर्चना में व्यस्त रहे। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। समिति के सदस्यों के साथ ही दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भी एक-दूसरे की मदद की। बुधवार को हवन-पूजन एवं कन्या भोज के साथ नवरात्रि का समापन किया गया। इस क्रम में षष्ठी तिथि को समिति द्वारा जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें देवी के भजनों पर पूरी रात श्रद्धालु झूमते रहे। सप्तमी तिथि को धाम में रैली निकालकर 121 मीटर लम्बी चुनरी देवी को अर्पित की गई विजया दशमी के अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ देवी प्रतिमा एवं अखण्ड मनोकामना दीपों को देवती नाला में श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। विसर्जन यात्रा में समिति के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## धूमधाम से मनाई गई दुर्गा पूजा, पंडालों में कराया गया सामूहिक कन्या भोज

**करवां।** क्षेत्र में दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नौ दिन दिन तक पूजा अर्चना आरती एवं हवन पश्चात महानवमी के दिन पंडाल में सामूहिक कन्या भोज का आयोजन कर पूर्णाहुति किया गया। करवां यज्ञशाला प्रांगण में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व विजयादशमी के दिन 40 फीट ऊंचे रावण दहन का कार्यक्रम किया गया।



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्री नव दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा नौ दिनों तक मां दुर्गा के पूजा-पाठ, आरती जगराता, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गरबा का आयोजन कराया गया। आयोजन समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। दुर्गा पंडाल में महानवमी के दिन वेद मंत्रों की गूंज और शंखनाद कर हवन का आयोजन किया गया। पुजारी सुशांत दुबे द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूर्णाहुति अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। पूर्णाहुति के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नवरात्रि अनुष्ठान के समापन के बाद दशमी तिथि पर विजयादशमी का पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खराब मौसम के मद्देनजर इस वर्ष बरसात से किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे जिसे आधुनिक तकनीक से प्रज्ञा, संतोष व टीम के निर्देशन में 40 फीट ऊंचे वाटर प्रूफ रावण का निर्माण किया गया। रावण दहन से पूर्व आयोजन समिति एवं संत सनातन समाज द्वारा सनातनी परंपरा के अनुसार हनुमान मंदिर से रामलीला के प्रमुख पात्र राम लक्ष्मण हनुमान एवं वानर सेना के मुखोटे लगे बच्चों के साथ- साथ ग्रामीणों ने जय श्री राम नारे के साथ मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक शोभायात्रा निकाला गया। दशहरा मैदान में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का भव्य आतिशबाजी कर दहन किया गया। दशहरा पर्व पर होने वाले कार्यक्रम में श्री राम- रावण युद्ध मंचन व भव्य आकाशीय आतिशबाजी को देखने सैकड़ों की संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष अमर साय राजवाड़े, उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष महेश कुशवाहा, सचिव प्रज्ञा कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, श्री राम कुशवाहा,फलेश्वर कुशवाहा, नरेश गुप्ता, रामेश्वर कुशवाहा, संजय कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, तेज प्रताप सिंह, दुर्गा साहू, सुनील कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, मानिकचंद कुशवाहा, मृत्युंजय कुशवाहा, मधुसूदन कुशवाहा, रामजीत पासवान, मनोज कुशवाहा, जनार्दन कुशवाहा, टेकचंद कुशवाहा, राम सिंह, अजय, रवि कुशवाहा एवं सिध्दी विनायक समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

### नगर समेत क्षेत्र में भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया गया दुर्गोत्सव

**सीतापुर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर समेत क्षेत्र में पूरे भक्तिभाव एवं धूमधाम से दुर्गोत्सव मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र की आराध्य देवी मां मंगरेलगढ़ीन समेत नगर में स्थित महामाया मंदिर को बड़े आकर्षक तरीके से सजाया गया था। नवरात्र के नौ दिन तक माता के दरबार में भक्तों द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना के दीप जलाये गए इसके अलावा दुर्गा पंडाल जयस्तंभ चौक,मध्यनगरिय समिति गायत्री मंदिर एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में माता का दरबार सजाया गया था जहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों द्वारा पूरे भक्तिभाव से उनकी पूजा अर्चना की जा रही थी। दुर्गापूजा के दौरान मुख्य चौक चौराहों समेत पूरे शहर को आकर्षक साज सज्जा के साथ सजाया गया था। पूरे नौ दिनों तक चलने वाले मां दुर्गा की पूजा अर्चना के दौरान पंडालों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान जयस्तंभ चौक दुर्गापूजा समिति मध्यनगरिय दुर्गापूजा समिति एवं लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम दुर्गापूजा समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें नगर की मिश्रा बहनों समेत बाहर से आये कलाकारों ने जसगीत भक्तिगीत जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।जहां देर रात तक श्रद्धालु भजन संध्या के दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमते नाचते भक्तिरस में डूबे रहे। नवरात्र में नौ दिनों तक चलने वाले शक्ति की उपासना के दौरान नगर समेत पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो उठा था। लोग शक्ति की भक्ति में पूरी तरह लीन हो गए थे। नवमी तिथि को पूजा अर्चना एवं हवन पूजन के बाद कन्याभोज के साथ नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति की गई।



इस दिन सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जयस्तंभ चौक द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जहां काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।


























## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय एफएलएन मेले का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल मनेन्द्रगढ़ में करके देखबो, सीख के रहीबो थीम पर जिला स्तरीय एफएलएन मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर और खड़गवां ब्लॉक की प्राथमिक शालाओं के कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बच्चों द्वारा कुल 34 स्टॉल लगाए गए। इस मेले में बच्चों द्वारा लगाए स्टॉल इस प्रकार है जादू की पोटली, मेरी घड़ी तुम्हारा समय, रोली राउंड, पपेट की पाठ शाला, पर्ची उठाओ पढ़कर दिखाओ, गिनो और लिखो, मेरा रिंग मेरा वर्ण, जोड़ी बनाओ गिनती सीखो, उंगली फिराव शब्द बनाओ, जोड़ मशीन, आओ ध्वनि पहचानो, आकृतियों की पहचान, बोलो बोलो मैं हूं कहा, नाम ही काफी है, गुणा, फूड आइटम, कौन पहले कौन बाद, समान खरीदो पैसे दो, आओ अलग करें जैसे स्टाल लगाए गए थे। इस अवसर पर बेमेतरा जिले टाकेश्वर देवांगन, एससीईआरटी रायपुर से सुनील मिश्रा, समग्र शिक्षा से प्रीति जैन और वाणी मसीह विशेष रूप से शामिल हुए।

### पीडीएस दुकानों में डिजिटल पेमेंट की हो सुविधा

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बैकुंठपुर के आईटी संयोजक हरिओम साहू ने शासन से आग्रह किया है कि पूरे छग राज्य की सभी उचित मूल्य की दुकानों में डिजिटल पेमेंट की सुविधा अनिवार्य की जाए। कोरिया जिले में उचित मूल्य की दुकानों में राशन वितरण के दौरान ग्राहकों और डीलरों को नगद भुगतान की वजह से लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर चिल्लर पैसों की कमी के कारण उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य से अधिक भुगतान करना पड़ता है। उदाहरण स्वरूप शक्कर का मूल्य 17 होने के बावजूद अधिकांश ग्राहकों को 20 देना पड़ता है। 3 की चिल्लर राशि न मिलने पर उपभोक्ता और डीलर के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। छग शासन द्वारा जहां एक ओर डिजिटल इंडिया और कैशलेस ट्रांजैक्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं उचित मूल्य की दुकानों में डिजिटल पेमेंट की सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। श्री साहू ने मांग किया है कि प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान पर क्यूआर कोड/यूपीआई पेमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, उपभोक्ताओं को विकल्प दिया जाए ।

### मेडिकल स्टोर से डेढ़ लाख की चोरी



**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में चोरों ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। ग्राम बरबसपुर के कानू डॉक्टर के मेडिकल स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रूपए नकद व कुछ सामान चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार घटना के समय कानू डॉक्टर और उनका परिवार घूमने गया हुआ था। सुबह लौटने पर उन्होंने देखा कि दुकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर दराज का सामान बिखरा हुआ मिला और गल्ले में रखे लगभग डेढ़ लाख नगद गायब थे। पीड़ित द्वारा तत्काल नागपुर चौकी में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में डेढ़ लाख रूपए नकद व कुछ अन्य सामान चोरी होना पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लंबे संघर्ष के बाद मिले न्याय पर पूर्व विधायक का जताया आभार

**चिरमिरी।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र से बरसों पहले बर्खास्त किए गए 32 श्रमिक बंधुओं की लंबी कानूनी और सामाजिक लड़ाई आखिरकार सफल रही। संघर्ष के वर्षों बाद इन श्रमिकों को उनका हक सीएमपीएफ, ग्रेच्युटी और पेंशन की पूरी राशि प्राप्त हो गई है।

## जसगीतों की धुन पर जमकर थिरके श्रद्धालु

# भव्य झांकियों के साथ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आदि शक्ति मां दुर्गा की नवरात्रि के दौरान अलग-अलग रूपों की पूजा आराधना संपन्न होने के बाद 10 वें दिन गुरूवार को विजयादशमी के अवसर पर धूम धाम के साथ सभी स्थानों पर विराजे गए देवी प्रतिमाओं का देर रात्रि तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा, इसके पूर्व इस दिन पूजा पंडालों में हवन-पूजन किया गया, इसके बाद दोपहर से माता के मूर्तियों एवं अन्य देवियों के मूर्तियों को वाहन में सजाकर अपरान्ह में विसर्जन के लिए झांकी निकाली गई। शाम होते ही धीरे-धीरे शहर के विभिन्न जगहों पर स्थापित



निकली झॉकी।



झूमते श्रद्धालु।

दुर्गा प्रतिमाओं की झांकी निकली जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कुमार चौक होकर विसर्जन स्थल के लिए ले जाया गया। जिला मुख्यालय के अलावा जिले के चरचा कॉलरी, पटना, कटकोना सहित अन्य क्षेत्रों में स्थापित देवी प्रतिमाओं का 2 अक्टूबर विजयादशमी के दिन उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। वहीं कुछ पूजा पंडालों में गुरुवार के कारण विसर्जन नहीं किया गया है, यहां शुक्रवार को विसर्जन किया जाएगा।

### नगर पालिका शिवपुर चरचा में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा में शारदीय नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। सुबह से ही



नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। हल्की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती रही। माता दुर्गा के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे क्षेत्र को दिव्य आभा से आलोकित कर दिया। पावन धारा स्थल से पारंपरिक जवारा यात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। यात्रा चरचा के बाधपारा, वी-टाइप, स्टाफ कॉलोनी, राजीव गांधी चौक, नेपाल गेट, महाराणा प्रताप चौक, अंबेडकर नगर और सुभाष चौक से होते हुए निकली। मार्ग में जगह-जगह आरती, फूल वर्षा और भव्य स्वागत हुआ। यात्रा का समापन छठ घाट पर मंत्रोच्चारण और देवी स्तुति के बीच ज्वारे के विसर्जन के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर में आकर्षण का विशेष माहौल रहा। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा सजाई गई झांकियों में देवी-देवताओं की लीलाएं, पौराणिक प्रसंग, राष्टीय एकता के संदेश और सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत चित्रण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक भईयालाल राजवाड़े की उपस्थिति रही। महिलाएं मंगलगीत गा रही थीं, तो पुरूष ढोल-नगाड़ों और शंख-घंटियों की ध्वनि से यात्रा को गूंजायमान कर रहे थे। श्रद्धालुओं ने कहा कि महानवमी की जवारा यात्रा नगर की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है जिसे प्रतिवर्ष और अधिक भव्यता के साथ मनाया जाता है।

### मां दुर्गा, काली, लक्ष्मी और सरस्वती की जीवंत झांकी

**चिरमिरी।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के चीफ हाउस गोदरीपारा स्थित दुर्गा पंडाल के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय



चिरमिरी राजयोग साधना केन्द्र द्वारा प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी भव्य चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन किया गया। बीते 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक तीन दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन सायं 6 से रात्रि 10:30 बजे तक झांकी दर्शन के लिए खोली गई। झांकी का शुभारंभ बलवीर कुमार, हुकुम सिंह बग्गा और मनप्रीत कौर बग्गा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा। पंडाल परिसर में सुसज्जित मंच पर मां दुर्गा, मां काली, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती की चैतन्य झांकी स्थापित की गई। ब्रह्माकुमारी रमा दीदी ने इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को चैतन्य देवियों के महत्व और उनके संदेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देवियां केवल शक्ति और विजय की प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, ज्ञान, शांति और करुणा की द्योतक हैं। मां दुर्गा जहां शक्ति और साहस का स्वरूप हैं, वहीं मां सरस्वती ज्ञान और विद्या की अधिष्ठात्री हैं। मां लक्ष्मी समृद्धि का वरदान देती हैं और मां काली अन्याय व अधर्म के विनाश का संकल्प लेकर आती हैं। रमा दीदी ने समझाया कि यदि इन देवियों के गुणों को हम अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो हमारा जीवन भी प्रकाशित और सफल हो सकता है। झांकी के दौरान पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### रामपुर में सिंदूर खेला का आयोजन



शहर के दुर्गा पूजा समिति रामपुर में देवी प्रतिमा विर्सजन के पहले सिंदूर खेला गया। इसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुइं। सभी ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयादशमी की बधाई दी। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।



### धूमधाम से देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**सोनहत।** देवी प्रतिमाओं का विसर्जन उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। मुख्यालय फॉरेस्ट कॉलोनी, महादेव चौक के अलावा ग्राम सलगवा, केशगवां, घुघरा, काटगोड़ी सहित कई ग्रामों में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। श्रद्धालु गाजे-बाजे की धुन पर जस गीत गाते हुए में शामिल हुए।



### बरबसपुर में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**बरबसपुर।** उजियारपुर में धूमधाम से माता का विसर्जन किया गया। कमेटी के हरिशंकर वर्मा, राम सिंह, राकेश साहू, लेखन दास वैष्णो, सोमार साय कन्हैया, खिलेश, खुशबूधारी, त्रिलोकी सिंह, लक्ष्मण साहू , सीता शरण साहू, ध्रुव सिंह पकरिया, राजकुमार, कृष्ण कुमार, आशीष पांडे आदि सक्रिय रहे।

## ग्राम सभा में सीएम साय का पढ़ा गया संदेश

**बैकुण्ठपुर।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

ग्राम सभा में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश (पाती) पढ़ा गया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत स्वतंत्रता की हीरक जयंती के पश्चात अब अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है और इस दौर में आदिवासी समाज का उत्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने अपने पाती में जिक्र किया है कि यह केवल कोई योजना नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के जमीनी नेतृत्व को उभारने और उन्हें सुशासन में सक्रिय भागीदारी का अवसर देने वाला विश्व का सबसे बड़ा अभियान है। इसके माध्यम से जनजातीय परंपराओं, संस्कृति और




मूल्यों को सशक्त करते हुए पूरे देश में सुशासन और जनभागीदारी की नई मिसाल कायम होगी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पर्व मनाया गया। मुख्यमंत्री ने ग्राम सभा में उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांवों में अधोसंरचना और विकास से जुड़ी कमियों (क्रिटिकल गैप) की पहचान करें और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से उन्हें दूर करने के लिए ठोस कदम उठाएं।

आदि कर्म योगी अभियान के तहत कोरिया जिले के बैकुंठपुर व सोनहत विकासखंड के 154 जनजाति बहुल ग्राम में ग्राम विकास प्लान तैयार भी की जा रही है, ताकि यहां निवासरत जनजाति परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। ग्राम सभा में बाल विवाह, नशामुक्त समाज के लिए संकल्प भी लिया गया। ग्राम सभा के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का एजेंडा भी प्रस्तुत किया गया। इसके तहत 6 से 8 अक्टूबर के बीच जिले के सरकारी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण होगा। इसमें समुदाय और अभिभावकों की मौजूदगी में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और सीखने-सिखाने की प्रक्रिया का ऑकलन किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिक संघ ने विधायक को बताई समस्या

**सूरजपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर साधुराम सेवाकुंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी से वरिष्ठ नागरिक संघ ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल ने संघ की विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन को प्रतिदिन संचालित नाश्ते वितरण में आने वाली समस्या से अवगत कराया तथा एक कक्ष निर्माण हेतु पांच लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने किए जाने की मांग की। साथ ही रेलवे के किराए में प्रदत्त की जाने वाली छुट जिसे कोरोना काल के बाद बंद कर दिया गया है उसे पुनः बहाल करने की मांग की। जिस पर विधायक ने भवन निर्माण हेतु पांच लाख रुपये की घोषणा तत्काल करते हुए वरिष्ठ नागरिकों कोरोना काल में रेलवे किराए में जो छूट बंद कर दी गई थी उसे पुनः बहाल करने हेतु रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर छुट पुनः बहाल कराने का का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक संघ के वरिष्ठ संरक्षक हरिदास अग्रवाल, बांके बिहारी अग्रवाल, संयोजक लालचन्द अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरएस मिश्रा, सचिव मोती लाल गुप्ता, सदस्य विक्रम सोनी आदि शामिल है।

## मनेन्द्रगढ़ रेलवे कॉलोनी में बड़ी चोरी

# तीन घरों से 50 लाख से अधिक का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ रेलवे कॉलोनी में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया और एक साथ तीन घरों के ताले तोड़ डाले। चोरों ने स्टेशन मास्टर, गार्ड और ट्रैक मैन के मकानों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नगद पार कर दिया है। अनुमानित चोरी की राशि 50 लाख से अधिक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार घटना के दौरान कॉलोनी स्थित मकान सूने थे। चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए घरों के ताले तोड़े और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। चोरों की इस बड़ी वारदात से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश दोनों ही देखने को



सुराग के लिए डॉग स्क्वायड की ली गई मदद।

मिल रहे हैं। इसी कॉलोनी में पूर्व एल्डरमैन रूमा चटर्जी के मकान में भी चोरी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। यदि शीघ्र जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। चोरी की जानकारी मिलने के बाद रेलवे कॉलोनी के निवासियों ने घटना पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि कॉलोनी में अक्सर बाहर ड्यूटी करने वाले रेलवे कर्मचारी रहते हैं, इससे उनके घर लंबे समय तक सूने पड़े रहते हैं। ऐसे में चोरों को वारदात का मौका मिल जाता है। निवासियों का आरोप है कि इलाकेक में ना तो पर्याप्त गश्त होती है और ना ही सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था है। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि अगर पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाती और सुरक्षा इंतजाम कड़े होते तो इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं होती। लोगों ने मांग की है कि पुलिस ना केवल आरोपियों को जल्द पकड़े बल्कि कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो सकें।

# मिनी स्टेडियम में देर रात धू-धू कर जला रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई स्थानों पर विजयादशमी हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर जहां पर भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहां लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुटी रही। इस वर्ष शहर के मिनी स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम रखा गया था।

इस अवसर पर बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। इस दिन शाम ढलने के बाद पूरा स्टेडियम लोगों के भीड़ से खचाखच भर गया। शहर के लोगों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। मिनी स्टेडियम में लोग रावण दहन कार्यक्रम को ही देखने के लिए भीड़ जुटी थी। जैसे ही रावण कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया, इसके बाद धीरे-धीरे जमा भीड़ स्टेडियम से बाहर निकलना शुरू कर दिए और कुछ ही देर में खचाखच भरा स्टेडियम लगभग खाली हो गया। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए शहर के लोगों के साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी काफी संख्या में परिवार एवं दोस्तों के साथ आए थे। रावण दहन होने के साथ ही सभी लोग मिनी स्टेडियम से बाहर निकल गए, इसके अलावा जिले के पटना, चरचा सहित कई क्षेत्रों में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण के पुतले का दहन उल्लास के साथ किया गया, जहां शहर सहित आस-पास के लोगों की जमकर भीड़ जुटी रही।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

कोरिया जिले में रावण दहन कार्यक्रम वैसे तो जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा चरचा कॉलरी, पटना, कटकोना सहित अन्य कई स्थानों पर आयोजित की गई, जहां जमकर भीड़ जुटी, लेकिन रामानुज मिनी स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में सबसे ज्यादा भीड़ जुटी। यहां रावण दहन के पूर्व से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसका उपस्थित भीड़ ने जमकर आनंद लेते रहे, लेकिन रावण के पुतले का दहन होने के साथ आधा से अधिक भीड़ खाली हो गई थी।



### भव्य आतिशबाजी का नजारा

शहर के मिनी स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के पूर्व उपस्थित भीड़ को भव्य आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। आतिशबाजी के कारण रात्रि के समय आसमान में पटाखों गुंज के साथ रंगीनियां बिखर गई,जिसका नजारा बेहद ही आकर्षक लग रहा था।

### सोनहत में 51 फीट रावण का दहन

**सोनहत।** मुख्यालय स्तर पर 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाने के लिए विशेष तैयारियां की गइं। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार मिनी स्टेडियम में लगभग 51 फीट ऊंचा विशालकाय रावण का पुतला तैयार किया गया है। पूरे दिनभर उत्सव की तैयारियों में उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज के ग्रामों से काफी संख्या में ग्रामीण दशहरा पर्व देखने सोनहत पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बन गया। आयोजन मंडल ने बताया कि दशहरा उत्सव एवं जागरण कार्यक्रम में भरतपुर-सोनहत क्षेत्र के विधायक की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### विजयादशमी पर झगराखाण्ड थाना में पारंपरिक शस्त्र पूजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के झगराखाण्ड थाना में विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरागत शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया। इस दौरान थाना प्रभारी दीपेश सैनी सहित पूरे थाना स्टाफ शामिल होकर परंपरा को आगे



बढ़ाया। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा सनातन काल से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म की स्थापना की थी, वहीं दूसरी ओर इसे शक्ति उपासना और पराक्रम का भी पर्व माना जाता है। शस्त्र पूजन कर पुलिस बल यह संकल्प लेता है कि वे समाज की रक्षा और न्याय की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पूजा-पाठ के बाद शांति और समृद्धि की कामना की गई।

### विजयादशमी पर आरएसएस का अनुशासनबद्ध पथ संचलन

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से विजयादशमी के पावन पर्व पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भव्य एवं अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया। प्रारंभिक सभा में संघ पदाधिकारियों ने विजयादशमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। पथ संचलन में काफी संख्या में स्वयंसेवक पारंपरिक



गणवेश में हाथों में दंड (लाठी) लिए अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए शामिल हुए। बैंड दल की धुन और घोष वाद्यों की गूंज के साथ यह संचलन नगर के मुख्य बाजार चौक, गांधी चौक, चेहरा पाया सहित विभिन्न गलियों और मोहल्लों से होकर गुजरा। मार्ग में नागरिक काफी संख्या में सड़कों पर उमड़े और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन का समापन सुभाष नगर दुर्गा पंडाल में हुआ

### क्षत्रिय समाज का शस्त्र पूजन एवं सांस्कृतिक आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** विजयदशमी के पावन पर्व पर परंपरानुसार अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज महासभा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा नगर स्थित महाराणा प्रताप भवन में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठजन की उपस्थिति में सर्वप्रथम श्रीराम-जानकी पूजन एवं शस्त्र पूजन विधिवत रूप से संपन्न कराया गया।




कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य एलएन सिंह, मिथलेश्वर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र पाल सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, दुर्गा विजय सिंह, संजय सिंह सेंगर, अशोक सिंह, संजीव कुमार सिंह, शिवमूर्ति सिंह, राहुल सिंह, आशीष सिंह, शिव शेखर सिंह, रमेश सिंह, महेन्द्र सिंह चंदेल, सूरज भान सिंह गहरवार, संजीत कुमार सिंह, सौरभ सिंह, जलज सिंह परिहार, शिवेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, अनुपमा सिंह, चांदनी सिंह, बीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, नमन प्रताप सिंह, भारत सिंह, रविकांत सिंह सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा आशीष कुमार सिंह, सचिव अभा क्षत्रिय समाज महासभा एमसीबी ने किया।

### क्षत्रिय भवन सोनवानी में शस्त्र पूजन

**डोमनहिल।** राजपूत क्षत्रिय महासभा चिरमिरी द्वारा क्षत्रिय भवन सोनवानी में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षत्रिय महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने सदैव देश की अस्मिता और मानवता की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए हैं। कार्यक्रम में विश्रामपुर से पधारे डॉ.



विवेकानंद सिंह, रामनरेश सिंह, राम प्रताप सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह, कामेश्वर सिंह, दया सिंह ने विचार रखे। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, संजय सिंह, बृजेश सिंह, मुरली सिंह, अवधेश सिंह, तेज प्रताप सिंह, पतिराज सिंह, शत्रुघ्न सिंह, ओम प्रकाश सिंह, भूषण सिंह, उपेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आरोग्यम निकुष्ट कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कोरिया जिले में आरोग्यम निकुष्ट-कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिला अस्पताल और जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में महात्मा गांधी जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकार डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक चलेगा। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना, तहसील बचरापोड़ी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर/स्वास्थ्य केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**खबर संक्षेप**



## गांधी जयंती पर डीएवी स्कुल प्रांगण में चला सफाई अभियान

**बिश्रामपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर डीएवी की अध्यापक- अध्यापिकाओं एवं कार्यालय स्टाफ ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा भाव व्यक्त किए,इस दौरान संगीत शिक्षक मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय स्टाफ के द्वारा गाँधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' की सुंदर प्रस्तुति की गई, इस उपलक्ष्य पर स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत अध्यापक - अध्यापिकाओं एवं कार्यालय स्टाफ के द्वारा विद्यालय परिसर का स्वच्छता कार्य किया गया।प्रभारी वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि गाँधीजी का महान एवं प्रेरक व्यक्तित्व हम सभी के लिए सतत प्रेरणादायी रहा है,निस्वार्थ सेवा भावना और अहिंसात्मक कार्यशैली, कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण उनके प्रमुख सिद्धांत रहे, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी,नैतिकता और कर्मठता की प्रतिमूर्ति थे,उन्होंने राष्ट्रोत्थान में दोनों ही महापुरुषों के महान योगदान को प्रकाशित किया,सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।

### संयुक्त दल का नदी में सर्च ऑपरेशन जारी

# खेलने की बात कहकर घर से निकला बालक हुआ लापता घुनघुट्टा नदी किनारे पत्थर पर मिले छात्र के कपड़े व चप्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कोरेया आमापारा में गुरुवार को उस समय चौथी कक्षा का एक छात्र रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है,गौरतलब है कि ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 9 वर्षीय कक्षा चौथी का छात्र आकाश राजवाड़े आ. अमेले राजवाड़े बुधवार की दोपहर करीब दो बजे अपने घर से खेलने की बात कहकर निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा।

**खास बात**
- किसी अनहोनी की जताई जा रही आशंका

परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की पर कहीं सुराग नहीं मिला। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के ही घुनघुट्टा नदी किनारे लापता छात्र का कपड़ा और चप्पल को पत्थर पर पड़ा देखा तो पूरे गांव में अनहोनी की आशंका फैल गई। लोगों के मन में किसी दुर्घटना हो जाने का भय सता रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जयनगर पुलिस और सूरजपुर की डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। सुबह से लेकर देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन जारी रहा। गोताखोरों ने नदी की गहराई में कई बार डुबकी लगाई और नदी के किनारे-किनारे तलाश की गई साथ ही रस्सियों से नदी के बहाव को खंगाला गया लेकिन मासूम का कोई पता नहीं चल पाया है। डीडीआरएफ के जवानों ने बताया कि नदी का बहाव इस समय बेहद तेज है और गहराई भी अधिक है जिससे तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया है। छात्र आकाश राजवाड़े की गुमशुदगी से परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन बार-बार बच्चे का नाम पुकारते हुए बेसुध हो जा रहे हैं।

पूरा गांव गुरुवार को घटनास्थल पर उमड़ पड़ा और हर किसी की आंखें उम्मीदें रखी हुई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक बच्चा नहीं मिलता, खोज अभियान बंद नहीं होगा,आसपास के गांवों में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि किसी भी संभावित सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके,परिजनों की आंखें अब भी इस उम्मीद में टिकी हैं कि उनका बेटा सुरक्षित घर लौट आए।



लापता बालक का तलाश करते गोताखोर।

## सड़क निर्माण के दौरान पेड़ से गिरा मजदूर, मौत

**अम्बिकापुर।** सड़क निर्माण के दौरान पेड कटाई कर रहा मजदूर पेड़ से नीचे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए मजदूर की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसागुड़ी निवासी थउला राम टेकाम आ. स्व. शीतल राम (55 वर्ष) सड़क निर्माण में मजदूरी करने गया था। ग्राम चांची बेरियर समीप मशीन से पेड़ पर चढ़कर डाल काट रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने घायल के परिजन को सूचना दी। सूचना पर पुत्र जय सिंह मौके पर पहुंचा और मजदूरों के साथ घायल पिता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




## विजयादशमी पर बंगाली क्लब दुर्गा पंडाल में सिंदूर खेला की हुई पारंपरिक रस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना और पूजा-अर्चना के बाद विजयादशमी के अवसर पर पूरे कोयलांचल और आसपास के इलाकों में कई पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान मां की विदाई से पहले परंपरा के अनुसार बंगाली क्लब दुर्गा पंडाल में विशेष वेश भूषा के साथ महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभाकर पूरे माहौल को आस्था व श्रद्धा से सराबोर कर दिया।

बंगाली समाज की महिलाएं इस मौके पर पारंपरिक परिधानों व गहनों से सजी-धजी हुई थीं,महिलाओं ने मां दुर्गा के चरणों में सिंदूर अर्पित कर घर-परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की, इसके बाद एक-दूसरे के गाल और माथे पर सिंदूर लगाकर एकजुटता का अद्भुत प्रतीक प्रस्तुत किया,बच्चों और युवतियों ने भी उत्साह से भागीदारी की। कई दुर्गा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते समय ढोल-नगाड़ों, डीजे की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए।

शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोग खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मां को विदाई दिए,महिलाओं ने कहा कि सिंदूर खेला केवल धार्मिक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है,महिलाएं इस रस्म के जरिए एक-दूसरे को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं और साथ ही पूरे समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलता है,विसर्जन के दौरान भजन-कीर्तन,बंगाली ढोल की थाप और पारंपरिक नृत्यों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।




## तालाब में डूबने से बालक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम असोला निवासी जय मंगल आ. फगुआ राम (14 वर्ष) गत दिन गांव के अन्य बच्चों के साथ कदम तालाब में स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान बालक गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगा। बालक को पानी में डूबता देख बच्चों ने घटना की जानकारी परिजन सहित गांव के लोगों को दी। परिजन तत्काल बालक को तालाब से निकाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

